बिहार सरकार

# समाहरणालय, बेगूसराय

## प्रेस नोट

## आवश्यक सूचना

श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार का दिनांक–24.10.2025 को उलाव हवाई अड्डा पट्टी, बेगूसराय पर आयोजित कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार है :–

**A. सभा से संबंधित वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था :–**

1. V.V.I.P पार्किंग की व्यवस्था NH-31 पर ग्लोकल अस्पताल के बगल में निर्माणाधीन वाटर पार्क।
2. तेघड़ा, बछवारा, लखीसराय, मोकामा, पटना के तरफ से आने वाली बड़ी एवं छोटी वाहन के लिए पार्किंग स्थल अशोक लेलेंड शोरूम एवं नवनिर्मित वाटर पार्क के सटे खाली प्लॉट में।
3. बखरी, मंझौल, बलिया, खगड़िया, मुंगेर एवं बेगूसराय शहर की तरफ से आने वाली बड़ी एवं छोटी वाहन के लिए पार्किंग स्थल राजकीय पोलिटेकनिक कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण एवं जुवली पेट्रोल पम्प के सामने नवनिर्मित एलेवेटेड फ्लाईओवर के अप्रोच रोड में की गई है।
4. मटिहानी एवं रिंग बाँध से आने वाली वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था जी.डी. कॉलेज एवं रामबाग देवा नगर एवं सावित्री उच्च विद्यालय, उलाव में की गई हैं
5. पत्रकार एवं Car Pass निर्गत वाहनों के लिए V.I.P. पार्किंग ग्लोकल अस्पताल के पीछे खाली प्लॉट पर की गई है।

**B. वाहनों के अंतर जिला परिचालन हेतु व्यवस्था :–**

उक्त अवसर पर दिनांक–24.10.2025 को प्रातः 08.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक व्यवसायिक वाहनों का सुगम परिचालन/वैकल्पिक मार्ग हेतु निम्न व्यवस्था की गई है :–

1. मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, दरभंगा से – खगड़िया, मुंगेर, पूर्णियॉ जाने हेतु :– दलसिंहसराय, रोसड़ा, दौलतपुर, मालीपुर, गढ़पुरा, बखरी, खगड़िया (एन0एच0–31), मुंगेर नवगछिया, पूर्णियॉ।
2. पटना से भागलपुर, पूर्णियॉ जाने हेतु :– पटना, हाजीपुर, मुसरीघरारी, रोसड़ा, बखरी, खगड़िया।
3. बरौनी–जीरोमाईल से खगड़िया/बलिया जाने हेतु :– भगवानपुर, वीरपुर, मंझौल, बखरी होते हुए खगड़िया जायेगी।

(नोट :– उपर्युक्त बिन्दु 1, 2 एवं 3 के दिशा निर्देश विपरित क्रम की यात्रा पर भी लागू होगा)।

**जिला प्रशासन, बेगूसराय**

# आवश्यक सूचना

**C. मोकामा स्थित औंटा–सिमरिया 6 लेन पुल के परिचालन संबंधी व्यवस्था :–**

- दिनांक 24.10.2025 को बेगूसराय की तरफ आने वाले बड़े व्यवसायिक वाहनों का परिचालन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बंद रहेगा।
- बरौनी जीरामाईल से बेगूसराय की ओर आने वाली बड़ी व्यवसायिक वाहनों का परिचालन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बन्द रहेगा।
- मुंगेर–खगड़िया भाया–बलिया थाना के तरफ से आने वाली सभी बड़ी व्यसायिक वाहन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बन्द रहेगा।
- मुंगेर–खगड़िया भाया–बलिया थाना के तरफ से आने वाली सभी छोटी वाहनों का परिचालन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बन्द रहेगा। छोटी वाहनों का परिचालन खातोपुर (लाखो थाना) गुप्ता, लखमियाँ बाँध से होते हुए पटना एवं समस्तीपुर जाने के लिए खुला रहेगा।
- मंझौल–बखरी एस.एच–55 सुभाष चौक से दाहिने कपस्या की तरफ परिचालन सुबह 08.00 बजे से 05.00 बजे तक बन्द रहेगा।
- ट्रॉफिक चौक से बरौनी जीरोमाईल की तरफ जाने वाली बड़ी व्यवसायिक वाहनों का परिचालन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बन्द रहेगा।
- IOCL पश्चिम की ओर से गुप्ता–लखमिनियाँ बाँध पर किसी भी प्रकार के व्यसायिक वाहनों का परिचालन सुबह 08.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक बन्द रहेगा।

जिला प्रशासन, बेगूसराय